राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'कबीर जयंती' के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 23 जून, 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'कबीर जयंती' के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा कि ज्ञानाश्रयी शाखा के महान साधक कबीरदास ने भेद–बुद्धि, मतवाद व अलगाववादी प्रवृत्तियों तथा सामाजिक–धार्मिक रूढ़ियों के विरूद्ध जन–मानस में जागृति पैदा करने का प्रयास किया तथा धर्म के सार्वभौमिक सार्वत्रिक तत्व को प्रतिष्ठा दी एवं भक्ति और आन्तरिक साधना का मार्ग प्रवर्तित किया। उन्होंने कहा कि कबीरदास एक संत कवि थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेम, भाईचारा और समता की सीख दी।

राज्यपाल ने बिहारवासियों से संत कबीर के जीवन–दर्शन से प्रेरणा ग्रहण कर स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है।

....